उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना/विज्ञप्ति

उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023

आवेदन पत्र की प्रति डाउनलोड किये जाने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सूचना।

संख्या–पीआरपीबी–एक–1(150)/2023 दिनांक–दिसम्बर ,2024

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023 के अन्तर्गत अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण(डीवी/पीएसटी) में अर्ह अभ्यर्थियों की अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण की कार्यवाही प्रदेश के 75 जनपदों मे दिनांक **26.12.2024** से प्रारम्भ हो रही है।

2– अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु अभ्यर्थियों को निर्गत प्रवेश पत्र में अन्य अभिलेखों के साथ आवेदन पत्र की प्रति डीवी/पीएसटी परीक्षा स्थल पर लाये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं। उपरोक्त सम्बन्ध में अभ्यर्थियों द्वारा अपने आवेदन पत्र की प्रति उनके पास उपलब्ध न होने के सम्बन्ध से बोर्ड को अवगत कराया जा रहा है।

3– अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु आवेदन पत्र की प्रति डाउनलोड किये जाने का लिंक बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर **दिनांक 21.12.2024** को उपलब्ध कराया जा रहा है। अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र की प्रति उक्त लिंक से डाउनलोड कर सकते हैं

4– अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे नवीनतम अपडेट व अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट "http://uppbpb.gov.in/" का अवलोकन करते रहें।

21/12/24

सदस्य सचिव,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।